जिस नैया का श्याम खिवैया

जिस नैया का श्याम खिवैया वो नैया भला क्यूं डूबे.....

दुनियां की यारी तो बड़े बड़े की,
झूठी प्रीत नही श्याम धनी की,
कलयुग में आया कन्हैया वो नैया भला क्यूं डूबे,
जिस नैया का श्याम खिवैया वो नैया भला क्यूं डूबे.....

अंधे की मक्खी जैसे राम उड़ाए।श्याम का भरोसा भवसागर तिरावे,
करो भरोसा बहनों और भैया वो नैया भला क्यूं डूबे,
जिस नैया का श्याम खिवैया वो नैया भला क्यूं डूबे......

दुखड़े में साथी बने श्याम सांवरिया,
श्याम जी के प्यार में दुनियां बावरिया,
जो पड़े बाबा के पैयां वो नैया भला क्यूं डूबे,
जिस नैया का श्याम खिवैया वो नैया भला क्यूं डूबे.....

हमने हमेशा खाटू वाला अजमाया,
गंगा के जल सा कलश भरा पाया,
अरे भक्ति के बहे गंगा मैया वो नैया भला क्यूं डूबे,
जिस नैया का श्याम खिवैया वो नैया भला क्यूं डूबे.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29195/title/jis-nayia-ka-shyam-khiwayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |